॥ दर्शन पाठ ॥ Darshan Path ॥

प्रभु पतित पावन मैं अपावन, चरण आयो शरण जी।
यो विरद आप निहार स्वामी, मेट जामन मरण जी॥ १॥
तुम ना पिछान्यो आन मान्यो, देव विविध प्रकार जी।
या बुद्धि सेती निज न जान्यो, भ्रम गिन्यो हितकार जी॥ २॥
भव विकट वन में करम बैरी, ज्ञान धन मेरो हर्यो।
तब इष्ट भूल्यो भ्रष्ट होय, अनिष्ट गति धरतो फिर्यो॥ ३॥
धन घड़ी यो धन दिवस यो ही, धन जनम मेरो भयो।
अब भाग मेरो उदय आयो, दरश प्रभु जी को लख लयो॥ ४॥
छवि वीतरागी नगन मुद्रा, दृष्टि नासा पै धरैं।
वसु प्रतिहार्य अनन्त गुण जुत, कोटि रवि छवि को धरैं॥ ५॥
मिट गयो तिमिर मिथ्यात मेरो, उदय रवि आतम भयो।
मो उर हरष एसो भयो, मनु रंक चिंतामणि लयो॥ ६॥
मैं हाथ जोड़ नवाय मस्तक, बीनऊँ तुव चरणजी।
सर्वोत्कृष्ट त्रिलोकपति जिन, सुनहु तारण तरणजी॥ ७॥
जाचूं नहीं सुरवास पुनि, नर राज परिजन साथजी।
"बुध" जाचहूँ तुव भक्ति भव- भव, दीजिये शिवनाथजी॥ ८॥

prabhu patit pavan main apavan, charan ayo sharan ji.
yo virad ap nihar svami, met jaman maran ji..[1]
tum na pichhanyo an manyo, dev vividh prakar ji.
ya buddhi seti nij n janyo, bhram ginyo hitakar ji..[2]
bhav vikat van men karam bairi, gyan dhan mero haryo.
tab ishṭ bhulyo bhrashṭ hoy, anishṭ gati dharato phiryo..[3]
dhan ghari yo dhan divas yo hi, dhan janam mero bhayo.
ab bhag mero uday ayo, darash prabhu ji ko lakh layo..[4]
chhavi vitaragi nagan mudra, drishṭi nasa pai dharain.
vasu pratihary anant gun jut, koti ravi chhavi ko dharain..[5]
mit gayo timir mithyat mero, uday ravi atam bhayo.
mo ur harash eso bhayo, manu rank chintamani layo..[6]
main hath jor navay mastak, binaun tuv charan ji.
sarvotkrishṭ trilokapati jin, sunahu taran taran ji..[7]
jachun nahin suravas puni, nar raj parijan sath ji.
"budh" jachahun tuv bhakti bhav- bhav, dijiye shivanath ji..[8]